रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

सभी के सम्मिलित प्रयासों से उत्कृष्टता के शिखर पर पहुंचेगा विश्वविद्यालय –कुलपति प्रो. मिश्र

– रादुविवि एल्यूमिनाई एसोसिएशन की ऑनलाईन बैठक का आयोजन



जबलपुर 31 जुलाई। आज विश्व तीव्रता से वैश्वीकरण की ओर बढ़ता जा रहा है। ऐसे वातावरण में हमें भारत केंन्द्रित या अपने देश व अपनी संस्कृति पर आधरित शिक्षा व्यवस्था की बात करनी है। शिक्षा नीति में परिर्वतन और उसका अनुपालन सरकार के साथ–साथ शैक्षिणिक संस्थानों की भी जिम्मेदारी है। किसी भी शैक्षणिक संस्थान की रीढ़ उसके छात्र और भूतपूर्व छात्र हैं जिनका सामंजस्य किसी भी संस्थान को उत्कृष्टता के शिखर पर पहुंचा देता है। रादुविवि के भूतपूर्व छात्र और विश्व के कोने–कोने में महत्वपूर्ण स्थानों पर आसीन हैं। इनका साथ विश्वविद्यालय के विकास में नए आयाम स्थापित करेगा। उपरोक्त विचार माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने शनिवार को वर्चुअल माध्यम से आयोजित रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय एल्यूमिनाई एसोसिएशन की बैठक की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किये।

एल्यूमिनाई एसो. की ऑनलाईन बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुधीर मिश्रा डायरेक्टर जनरल (ब्रम्होस), डीआरडीओ, मिनिस्ट्री ऑफ डिफेन्स एवं सीईओ व एमडी ब्रम्होस एरोस्पेस ने कहा कि सभी भूतपूर्व छात्रों को साथ मिलाकर विश्वविद्यालय में ऐसे शोध कार्य बढ़ाए जाएंगे जिनसे समाज को सीधा लाभ भी मिल सकता है। इसके अलावा छात्रों को पढने के लिए विश्वविद्यालय में बेहतर माहौल उपलब्ध करवाने के साथ ही सभी के सहयोग से ऐसा शैक्षणिक माहौल बनाया जाएगा जिससे गुरुजनों को पूर्ण सम्मान मिले।

नवाचारों पर ध्यान केन्द्रित–

रादुविवि एल्यूमिनाई एसो. की ऑनलाईन बैठक का शुभारंभ कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा द्वारा अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय विकास में उन्हें पूर्ण सहयोग देने की बात कही। विवि द्वारा किये जा रहे नवाचारों एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी संकायाध्यक्ष एवं कौशल विभाग निदेशक प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने दी। विशिष्ट अतिथि माननीय राज्यपाल के पूर्व सचिव एवं भूतपूर्व छात्र श्री मनोहर दुबे ने देशभर के विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में रादुविवि की रैंकिंग को बढ़ाने की दिशा में किये जाने वाले कार्यों पर फोकस करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किये। भूतपूर्व छात्र एवं वरिष्ठ अधिवक्ता श्री पंकज दुबे सहित अन्य भूतपूर्व छात्रों व वरिष्ठजनों ने ऑनलाईन बैठक में विवि विकास की प्राथमिकता जैसे फेकल्टियों, छात्रों, अधिकारियों, कर्मचारियों और क्षेत्र की जनता के

सहयोग से लेकर विवि को देश के श्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में शामिल करने वाले सुझाव प्रदान किये गए।

ये रहे मौजूद–
ऑनलाईन बैठक का संचालन आयोजनकर्ता प्रो. शैलेष चौबे ने भूतपूर्व छात्रों एवं विश्वविद्यालय परिवार के आपसी सामन्जस्य से रादुविवि के विकास पर केन्द्रित प्रयासों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर प्रो. एस.पी. गौतम, प्रो. कमलेश मिश्रा, प्रो. एस.एस. संधु, प्रो. धीरेन्द्र पाठक, प्रो. रामशंकर, विवि छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. विवेक मिश्रा, रादुविवि नैक समन्वयक प्रो. राजेश्वरी राणा, डॉ. लोकेश श्रीवास्तव, डॉ. आर.के. गुप्ता, डॉ. ए.के. गुप्ता, डॉ. नरेन्द्र कोष्टी, डॉ. अतुल दुबे, डॉ. भूपेन्द्र उपाध्याय, डॉ. जी.पी. त्रिपाठी, श्री अम्बरीश गर्ग सहित सभी प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, भूतपूर्व छात्र एवं अन्य विशिष्टजन वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।